## एक नजर

### तैनाती के साथ जनसेवा जरूरी

**नर्मदापुरम** कार्तिक पूर्णिमा पर सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था में पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा, ड्यूटी के दौरान हेड कांस्टेबल हेमंत एवं शिवशंकर पुलिस कर्मचारियों द्वारा स्वयं श्रमदान कर रोड को लेवल किया जिसकी श्रद्धालुओं द्वारा प्रशंसा भी की गई।

# संगम पर लाखों ने कमाया पुण्य

## नर्मदा और तवा नदी के संगम स्थल पर पहुंचा श्रद्धालुओं का सैलाब

**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुरम, 05 नवम्बर** बुधवार कार्तिक पूर्णिमा पर मोक्ष की कामना के साथ नर्मदा और तवा नदी के संगम स्थल एवं नर्मदा तटों पर लाखों श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई. वहीं इस स्थान पर हर साल लगाने वाले बांद्राभान मेले के लिए जिला प्रशासन की ओर से सारी व्यवस्थाएं की गई है. वहीं नर्मदापुरम के नर्मदा तट पर लाखों लोगों ने स्नान के साथ पूजन पाठ किया. यह एक धार्मिक मेला है, इसमें नर्मदा पुरम के अलावा अन्य कई जिलों से आए लाखों की संख्या में श्रद्धालु भाग लेते हैं। यह मेला इस क्षेत्र की नर्मदापुरम कीपहचान है । सबसे ज्यादा ग्रामीण श्रद्धालु परिवार सहित एक दिन पूर्व यहां पहुंचे और बुधवार की सुबह स्नान किया। मेला स्थल पर नर्मदा पूजन,भगवान सत्य नारायण की कथा व दूर दराज गांव से मेले में पहुंचे ग्रामीणों ने अपने पूर्वजों सहित कुल देवी,देवताओं की पूजन अर्चना की। इस मेले में पंडित – पडिहार और ओझाओं से अपने भविष्य और फसल सहित काम धंधे की बेहतरी की कामना के लिए अनुष्ठान दिन भर चले।

**मान्यता है कि नर्मदा**–तवा संगम पर एक राजा ने तपस्या करके श्राप से मुक्ति पाई थी, जिसके बाद से यहां मेले का आयोजन शुरू हुआ। इस दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालु संगम स्थल पर स्नान और पूजा–अर्चना के लिए आते हैं। मेले में दुकानें, झूले और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं, जो इसे एक लोकप्रिय वार्षिक आयोजन बनाते हैं। मेले का पुराना स्वरूप बदलता जा रहा है। एक दौर था जब लोग पैदल और बैल गाड़ियों से यहां पहुंचते थे, और दो से तीन दिनों तक मेला स्थल पर टेंटों में रहते थे, पर आज श्रद्धालु टैक्टर ट्रालियों कारों, टैक्सियों ओर मोटर साइकिलों से पहुंच रहे है। यहां लगने वाली दुकानों और बिकने वाले सामानों में भी काफी बदलाव आया है। अब हस्तशिल्प और स्थानीय स्तर पर बने सामान मेले की दुकानों से नदारत हैं। वैसे जिला प्रशासन की ओर से मेले को लेकर सारी व्यवस्थाएं की गईं.है।

अनुमान के मुताबिक मेले में सुबह से करीब एक लाख श्रद्धालुओं ने स्नान किया. पुलिस प्रशासन और होमगार्ड लगातार मौके पर तैनात है.

**नर्मदापुरम – कार्तिक पूर्णिमा पर भोर होते ही श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी.**

# माँ नर्मदा में श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**नवभारत न्यूज**

**बनखेड़ी, 05 नवम्बर** कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर बनखेड़ी के समीप स्थित नर्मदा तट पंछी (पांशी) घाट पर हजारों श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा में आस्था की डुबकी लगाई। तट पर सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे पूरे घाट परिसर में श्रद्धा और भक्ति का माहौल दिखाई दिया। इस अवसर पर प्रशासन ने भी चाक–चौबंद व्यवस्थाएँ कीं।

नायब तहसीलदार राम सिपाही मरावी, पटवारी इमरान खान, निशांत मेहरा, रोहित पाटिल, मोहित उईके, सचिव साहबसिंह पटेल, ग्राम कोटवार अनिल एवं अरुण सहित प्रशासनिक अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई। पुलिस बल भी लगातार गश्त कर व्यवस्था बनाए रखने में जुटा रहा। कार्तिक पूर्णिमा के इस महापर्व पर घाट परिसर में अखंड रामायण पाठ और भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और मां नर्मदा से आशीर्वाद प्राप्त किया।

## ऊमरवाले दादा शिव मंदिर मे छप्पन भोग महोत्सव हुआ

**पिपरिया** बैकुंठ चतुर्दशी के अवसर पर ऊमरवाले दादा शिवमंदिर में छप्पन भोग अन्नकूट का आयोजन किया गया। ऊमरवाले दादा शिव मंदिर महिला मंडल द्वारा कार्तिक शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथी को बैकुंठ चतुर्दशी के रूप में मनाया गया। समिति के पदाधिकारी सदस्यों ने बताया कि बैकुंठ चतुर्दशी विशेषकर यह दिन हरि और हर विष्णुजी व भगवान शिव जी के एकत्व का प्रतीक माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन भगवान श्रीहरिविष्णु जी और भगवान शिवजी की एक साथ विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना की जाती है।

# तेंदुए ने पथरोटा गांव में एक गाय का किया शिकार

**नवभारत न्यूज**

**इटारसी, 05 नवम्बर** इटारसी के ग्रामीण अंचलों, विशेषकर पथरोटा और पांडरी में पिछले ढाई माह से एक तेंदुए की लगातार उपस्थिति ने ग्रामीणों में गहन दहशत का माहौल बना दिया है। तेंदुए ने हाल ही में पथरोटा गांव में एक गाय का शिकार कर लिया, जिसका वीडियो गांव की एक महिला द्वारा बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया है, जिसने ग्रामीणों के भय को और बढ़ा दिया है।

**ढाई माह से विचरण और लगातार शिकार** – इससे पहले 29 अगस्त को पांडरी क्षेत्र में तेंदुआ दिखाई दिया था, जिसके बाद यह ढाई माह से अधिक समय से पथरोटा और पांडरी के आस–पास के क्षेत्रों में लगातार विचरण कर रहा है। ग्राम पंचायत पांडरी, पॉवरग्रिड के आसपास और आर्डनेंस फैक्ट्री चेकपोस्ट के पास भी यह नजर आया है। आर्डनेंस फैक्ट्री रोड के आसपास तेंदुए की चहलकदमी सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई थी, जिससे स्थानीय लोगों का डर पुख्ता हो गया है। पथरोटा गांव में गाय का शिकार करने की घटना ने साबित कर दिया है कि यह तेंदुआ अब पालतू पशुओं के लिए भी गंभीर खतरा बन गया है। इन घटनाओं के कारण ग्रामीण अत्यधिक भयभीत हैं। शाम होते ही लोग अपने घरों में दुबक जाते हैं। माता–पिता ने अपने बच्चों को अकेले बाहर भेजना बंद कर दिया है, जिससे बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। ग्रामीणों को डर है कि यह तेंदुआ उनके पालतू पशुओं पर और भी हमले कर सकता है।

**वन विभाग की कार्रवाई पर प्रश्नचिह्न**–वन विभाग ने पथरोटा के आसपास तेंदुआ को पकडने के लिए पिंजरा भी लगाया गया था, लेकिन ग्रामीण बताते हैं कि तेंदुआ इतना शातिर है कि वह पिंजरे में नहीं आया। ग्रामीणों ने मांग की है कि वन विभाग तेंदुए का जल्द रेस्क्यू करके आबादी क्षेत्र से दूर घने जंगल में सुरक्षित छोड़े.

## अभद्र टिप्पणी करने वाले व्यक्ति की पिटाई की

**पिपरिया** सिंधी समाज द्वारा समाज के आराध्य के खिलाफ की गई अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में एसडीएम को ज्ञापन सौपने जाते समय सिंधी समाज पर अभद्र टिप्पणी करने वाले एक व्यक्ति की समाज के युवाओ ने पिटाई कर दी। सिंधी समाज द्वारा समाज के आराध्य के खिलाफ की गई अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में सौपे ज्ञापन में बताया कि छत्तीसगढ में अमित बघेल की जोहर पार्टी की और से समाज के आराध्य के खिलाफ की गई अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में सिंधी समाज के सामाजिक बंधु ने ज्ञापन दिया।

# पूर्व मुख्यमंत्री स्व . अर्जुन सिंह जी की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित किये

**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुरम, 05 नवम्बर** मध्य प्रदेश के हिल स्टेशन पचमढ़ी में आज 5 नवंबर दिन बुधवार को जिला अध्यक्षों के प्रशिक्षण शिविर में चौथे दिन मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय अर्जुन सिंह की जयंती के अवसर पर नर्मदापुरम जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय, गुना से विधायक एवं जिला अध्यक्ष पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह, उज्जैन से विधायक एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेश परमार, खंडवा से जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा रघुवंशी व अन्य जिला अध्यक्ष मनीष चौधरी, ज्ञान प्रताप सिंह आदि कांग्रेस नेताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय अर्जुन सिंह की जयंती पर उनके चित्र पर माला अर्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर अनेक वरिष्ठ कांग्रेस जन उपस्थित थे, यह जानकारी जिला कांग्रेस प्रवक्ता अनिल रैकवार द्वारा दी गई।

## सतीश तिवारी का मोटर साइकिल एक्सीडेंट में निधन

**हंडिया 5 नवम्बर** नगर के वरिष्ठ पत्रकार साथी अवधेश तिवारी के बड़े भाई सतीश तिवारी का मोटर साइकिल सवार ने अन्ध गति से मोटर साइकिल लापरवाही पूर्वक चलाकर एक्सीडेंट कर दिया। श्री तिवारी हण्डिया के अर्जुन फ्यूल पेट्रोल पंप से अपने वाहनों में डीजल पेट्रोल डालने गए थे इसी दौरान लापरवाही पूर्वक मोटरसाइकिल चला रहे एक सवार ने टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। तत्काल श्री तिवारी को हंडिया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने जॉच के दौरान श्री तिवारी को मृत घोषित कर दिया।

# सिंधी समाज द्वारा गुरुनानक जयंती धूमधाम से मनाई गई

**नवभारत न्यूज**

**हरदा, 05 नवम्बर** पूज्य सिंधी समाज द्वारा गुरु नानक जयंती के पावन अवसर पर बड़े ही श्रद्धा और उल्लास के साथ विविध धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रात: 5 बजे प्रभात फेरी निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन, महिलाएं, युवा एवं बच्चे शामिल हुए और गुरु वाणी का गुणगान करते हुए नगर भ्रमण किया। प्रात: 7 बजे आरती, कीर्तन एवं प्रसाद वितरण का आयोजन हुआ, जिसके पश्चात गुरुद्वारा परिसर में साप्ताहिक पाठ साहिब का समापन हुआ, जिसमें गुरु वचनों का भावपूर्ण श्रवण किया गया। पूर्वाह्न 10 बजे विशाल वाहन रैली का आयोजन किया गया, जिसमें युवाओं ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। दोपहर 12 बजे रक्तदान शिविर आयोजित किया गया, जिसमें समाज के युवाओं ने बड़ी संख्या में रक्तदान कर मानवता और सेवा का संदेश दिया। दोपहर 1 बजे से गुरु का भोग साहिब एवं लंगर साहिब का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने गुरु प्रसाद ग्रहण किया। सायंकाल 5 बजे भव्य नगर यात्रा निकाली गई, जो पूरे शहर में गुरु नानक देव जी के उपदेशों का संदेश देती रही। रात्रि 8 बजे सिंधी समाज के लिए विशेष व्यंजन मेले का आयोजन किया गया.

## विष्णु सहस्त्रनाम पाठ में शामिल हुए सदस्य

**हरदा** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर भोपाल में आयोजित होने वाले सामूहिक विष्णुसहस्त्रनाम पाठ में विराट विष्णु सहस्त्रनाम मंडल नार्मदीय ब्राह्मण समाज हरदा के सदस्यों ने भी सहभागिता की है। जानकारी देते हुए विष्णु सहस्त्रनाम मंडल नार्मदीय ब्राह्मण समाज हरदा के सदस्य दीपक शुक्ला ने बताया कि आयोजन में शामिल होने के लिए मंडल के सदस्य मंगलवार शाम को भोपाल पहुंच गए थे,बुधवार को सुबह 6 से शाम 6 बजे तक देवलखेड़ी भोपाल में आयोजित विष्णु सहस्त्रनाम नाम पाठ में मंडल के सदस्यों ने संगीतमय प्रस्तुति दी।इस आयोजन को विश्व रिकॉर्ड बनाने के लिए अधिकारियों द्वारा मूल्यांकन भी किया गया है।

# फैमिली रंगोली में 30 प्रतिभागियों ने लिया भाग, वितरित किए पुरस्कार

**नवभारत न्यूज**

**इटारसी, 05 नवम्बर** कालोनी में एक फैमिली रंगोली कंपटीशन रखा गया जिसमें कॉलोनी के 30 से अधिक प्रतिभागियों ने पार्टिसिपेट किया, जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय कॉलोनी के दोनों फेज से लिए गए जिसमें फेज वन से प्रथम स्थान हासिल किया गौरी विश्वकर्मा ने, द्वितीय स्थान हासिल किया नेहा वाणी, एवं तृतीय स्थान हासिल किया हर्षिता अग्रवाल ने, वही फेस टू से प्रथम स्थान हासिल किया तृषा अंबले ने, द्वितीय स्थान हासिल किया रंजीता सोनी ने, एवं तृतीय स्थान हासिल किया राखी चांडक ने। कार्यक्रम की संयोजक श्रीमती निशा चतुर्वेदी ने बताया कि हमने इसको फैमिली रंगोली का नाम दिया था जिससे कि परिवार एक साथ मिलकर किसी काम में जुट जाएं। मिलजुल कर रंगोली प्रतियोगिता का आनंद उठाया।

## नि :शुल्क कक्षाओं का आयोजन हुआ

**पिपरिया** शहीद भगतसिंह पीजी कालेज में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत 30 दिवसीय अंग्रेजी स्पोकन एवं स्किल डेवलपमेंट निःशुल्क कक्षाओं का वैलेडिक्टरी सेशन उत्साह एवं उपलब्धियों के साथ संपन्न हुआ। पीजी कालेज में अंग्रेजी स्पोकन एवं स्किल डेवलपमेंट कक्षाओं का संचालन उन्नति फाउंडेशन द्वारा किया जाता है। इस बैच में 30 विद्यार्थियों ने भाग लिया। महाविद्यालय का 14 वां व इस सत्र का दूसरा बैच रहा। इस अवसर प्राचार्य ने कहा कि भाषा केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नही बल्कि आत्मविश्वास का परिचायक है.

# प्रकाश पर्व के अवसर पर गुरुद्वारा में हुए भजन कीर्तन

**नवभारत न्यूज**

**पिपरिया, 05 नवम्बर** श्रीगुरूनानकदेव की प्रकाश पर्व के अवसर पर स्कूल के बच्चे गुरूद्वारा में दर्शन करने पहुंचे। श्रीतेग बहादुर साहिब जी के बनवारी रोड स्थित गुरूद्वारा में दलनिंग स्टेम स्कूल के बच्चो ने पहुंच दर्शन लाभ लिया। गुरूनानकदेवजी के प्रकाश पर्व के अवसर पर सभी गुरूद्वारो में कार्यक्रम आयोजित हो रहे है जगह जगह प्रभात फेरी,भजन कीर्तन आयोजित कि ये जा रहे है। स्कूल संचालन रचना मालपानी के प्रयास से छोटे बच्चो ने भी गुरूद्वारा में आकर दर्शन प्राप्त किया व गुरूनानकदेव के जीवन चरित्र को समझा। इस दौरान रचना मालपानी,शिक्षिका नम्रता चौकसे सहित बच्चो ने गुरूद्वारे में भजन कीर्तन भी किये। अंत में ज्ञानी अजीतसिंह जी के द्वारा मानवता की भलाई की अरदास की व बच्चो ने वाहे गुरू नाम का जप किया इस दौरान जयकारे भी लगाये गये। गुरूद्वारा प्रबंध कमेटी द्वारा सभी शिक्षको व गुरूजनो को सिरोपा भेंट किया। गुरू के सेवक सुखदेवसिंह कालोटी ने गुरूनानकदेव जी के उपदेशो को समझाया और कहा कि गुरूद्वारा सभी धर्मपंथो के लिये मानव एकता का स्वरूप है। जहां परमात्मा के सभी नाम सभी संतो की वाणी का गायन होता है। संकल्प फाउंडेशन के संचालक निरंजन वैष्णव,भजमितकोर खनूजा सहित शिक्षक,सिख सेवक व बच्चे उपस्थित रहे।

## प्रकाश पर्व पर निकाली प्रभात फेरी

**पिपरिया** निरंकारी जोत धनधन श्रीगुरू नानकदेव जी महाराज के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में प्रभात फेरी निकाली गई। श्री गुरूनानकदेवजी महाराज के पावन प्रकाशपर्व के अवसर पर सिंधी समाज के उपाध्यक्ष रमेश कुमार आहूजा, कृपाल देव, हरीश आहूजा परिवार के निज निवास नेहरू वार्ड में प्रभात फेरी के साथ आगमन हुआ। इस दौरान समाज के वरिष्ठजन,सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।गुरूनानक देवजी के प्रकाश पर्व के अवसर पर पिछले एक सप्ताह से प्रात: 5 बजे के लगभग प्रभात फेरी निकाली जा रही है.

**नर्मदापुरम – बान्द्राभान मेले में कलेक्टर ने *लोकल फॉर वोकल* को किया प्रोत्साहित**

# जिनवरदास फौजदार स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुरम, 05 नवम्बर** नर्मदापुरम डिवीजन क्रिकेट संघ के तत्वावधान में आयोजित जिनवरदास फौजदार स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन वरिष्ठ समाजसेवी एवं नर्मदापुरम क्रिकेट संघ के अध्यक्ष कपिल फौजदार एवं एमपीसीए मैनेजिंग कमेटी के सदस्य अनुराग मिश्रा ने किया। मान सेवी सचिव प्रदीप सिंह तोमर ने बताया कि प्रतियोगिता का पहला मैच नर्मदापुरम जिला एवं हरदा जिला के मध्य प्रारंभ हुआ, जिसमें हरदा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 67 रन पर ऑल आउट हो गई। हरदा के मानस ने 19 नाबाद रन बनाए। नर्मदापुरम के गेंदबाज कृष्णा रघुवंशी ने 6 विकेट एवं कृष्णा पटवा 2 और मुरली रघुवंशी ने 1 विकेट लिया। जवाबी पारी में नर्मदापुरम की टीम ने पहली पारी में विराट राजपूत 25 और आरुष उपाध्याय 49 रन की मदद से 142 रनों पर 5 विकेट खो दिए एवं पहले दिन का खेल समाप्त हुआ। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर जिला क्रिकेट संघ अध्यक्ष राजेश चौरे, सचिव मनोहर बिल्थरिया, संजय नाफदे, विजय वर्मा, दिलीप नामदेव, चेतन राजपूत, शफीक, माधव हर्णे, आकाश चौरे समस्त ग्राउंड स्टाफ मौजूद रहे।

## सड़कों की बदहाली को लेकर कांग्रेस का अनोखा प्रदर्शन

**इटारसी।** शहर की सड़कों की बदहाली और भारी गड्ढों के विरोध में आज नगर कांग्रेस कमेटी इटारसी द्वारा अनोखा प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुरानी इटारसी के सूखा सरोवर पहुंच मार्ग पर प्रतीकात्मक रूप से रेड कारपेट बिछाकर विरोध दर्ज कराया और नगरपालिका प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया। नगर कांग्रेस अध्यक्ष मयूर जायसवाल के नेतृत्व में किए गए इस प्रदर्शन के दौरान उन्होंने कहा कि वर्तमान में इटारसी की सड़कों की हालत इतिहास में सबसे खराब है, जिससे आम नागरिक बेहद त्रस्त हैं। नपा (नगरपालिका) द्वारा शहर की जर्जर सड़कों की सुध नही ली जा रही है.

# मध्यप्रदेश की 34वीं अंतर्क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता में चयन 8 एवं 9 को

**चयन ट्रायल्स का कार्यक्रम**

8 नवंबर – क्रिकेट, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, शतरंज नर्मदापुरम में
8 नवंबर – वॉलीबॉल बैतूल में
9 नवंबर – कबड्डी, शूटिंग बॉल, फुटबॉल नर्मदापुरम में
9 नवंबर – लॉन टेनिस हरदा में
9 नवंबर – कैरम तवा नगर में

**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुरम/इटारसी, 05 नवम्बर** सिंचाई जल संसाधन विभाग स्पोर्ट्स क्लब, मध्य प्रदेश, की 34 वीं अंतर क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता की तैयारी जोरों पर है। यह प्रतियोगिता 14 से 19 दिसंबर तक रीवा में आयोजित होने जा रही है। इसी के लिए, नर्मदापुरम क्षेत्रीय स्पोर्ट्स क्लब ने अपनी टीमों के चयन और प्रशिक्षण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। क्षेत्रीय स्पोर्ट्स क्लब नर्मदापुरम की क्षेत्रीय बैठक में लिए निर्णय अनुसार, क्षेत्रीय अध्यक्ष बशारत खान, नर्मदापुरम प्रभारी महेंद्र कुमार उगले, और क्षेत्रीय सचिव हेमंत अजनेरिया ने चयन ट्रायल्स की तिथियां और स्थल घोषित किए।

**निर्देश और भागीदारी** – मुख्य अभियंता एवं क्षेत्रीय क्लब के मुख्य ट्रस्टी एवं संरक्षक आरआर मीणा ने इस संबंध में आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने नर्मदापुरम क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी स्पोर्ट्स क्लबों हरदा, बैतूल, छिंदवाड़ा एवं तवा परियोजना के खिलाड़ियों को आह्वान किया है कि वे ट्रायल्स में शामिल होकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करें। सभी खेलों के संयोजकों को निर्देश दिया गया है कि वे ट्रायल्स संपन्न कराने के बाद, 10 दिसंबर तक चयनित टीमों की अंतिम सूची क्षेत्रीय क्लब को जमा करा दें। यह प्रतियोगिता विभाग के कर्मचारियों और अधिकारियों के बीच खेल भावना और सौहार्द को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण मंच है।